तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून, 2025

11 जिला स्तरीय प्री सुब्रोतो कप लिटिल एंजल्स ने जीता


12 संत कबीर भवन में 70 लाख से बनेगा हॉल


## अल सुबह बरसे मेघा, 14 एमएम बारिश, गर्मी से मिली राहत, जलभराव ने पैदा की आफत

### शहर के पॉश इलाकों में भी हुआ जलभराव, नगर निगम के दावों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कई दिनों से लगातार गर्मी से परेशान लोगों को रविवार अल सुबह आई बारिश ने राहत दी, लेकिन इस राहत के साथ ही आसमान से बरसा पानी सड़कों और गलियों में आफत भी बन गया। मानसून से पहले ही तकरीबन पौने घंटे की बारिश ने शहर में नगर निगम के निकासी प्रबंधों के दावों की पोल खोल दी। शहर के प्रमुख चौक चौराहों से लेकर कई कॉलोनियों में जलभराव की समस्या नजर आई। जलमग्न सड़कों से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग दोपहर तक जल की निकासी संभव हो पाई। बता दें कि शहर में निकासी के पुख्ता प्रबंधों का दावा करने वाला नगर निगम अभी तक शहर के बीच से गुजर रही ड्रेन की सफाई को लेकर टेंडर भी अलॉट नहीं कर सका है। सोनीपत शहर में 25 एमएम बारिश दर्ज की गई। जिसके बाद शहर के शनि मंदिर अंडरपास और रेलवे अंडरब्रिज में करीब आधा फुट तक पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही सरदारों वाली गली, सेक्टर-15, मामचंद कॉलोनी, बहालगढ़ रोड, जीटी रोड पर राई के पास सहित कई इलाकों में गलियों में जलभराव हो गया। स्थानीय निवासियों को घरों से बाहर निकलने में दिक्कत हुई।


सोनीपत। शनि मंदिर अंडरब्रिज में भरा बरसात का पानी।


सोनीपत। मामचंद कॉलोनी में जलभराव।


सोनीपत। सरदारों वाली गली की हालत।

#### खानपुर कलां में 32 एमएम बरसात

रविवार को जिले में औसतन 14 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जिसमें खानपुर कलां ब्लॉक में 32 एमएम, सोनीपत ब्लॉक में 25 एमएम, गोहाना ब्लॉक में 18 एमएम, राई ब्लॉक में 4 एमएम व खरखौदा ब्लॉक में 3 एमएम बारिश हुई। गन्नौर केवल बूंदाबांदी तक सीमित रह गया।

#### सफाई का टेंडर तक अलॉट नहीं

बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर निगम की तरफ से नालों और ड्रेनों की सफाई का कार्य अब तक पूरा नहीं कराया गया है। ड्रेन की सफाई का टेंडर तक अभी तक अलॉट तक नहीं हुआ है। टेंडर खोलने की बात कही जा रही है, लेकिन अलॉट होने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा।

#### कल भी बारिश

सोमवार तक बारिश के आसार बने रहेंगे। इसके बाद 17 जून से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से 23 जून तक प्री मानसून गतिविधियां जारी रहेंगी। इस दौरान तापमान में गिरावट बनी रहेगी, हालांकि उमस लोगों को परेशान कर सकती है। इस बार मानसून समय से पहले जिले में दस्तक दे सकता है।

*-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, सोनीपत*

#### साढ़े 6 डिग्री कम हुआ तापमान

बारिश से गर्मी से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली। सप्ताह भर से 40 डिग्री के पार चल रहा तापमान रविवार को गिरकर 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगे भी तापमान में कमी रहने की संभावना है, क्योंकि अभी सोमवार तक बारिश के आसार बने हुए हैं। इसके बाद 17 से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिसके चलते फिर से बारिश हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### जूनियर एशियाई चैंपियंस के दो पहलवान चयनित

**खरखौदा।** अश्वनी अखाड़ा खरखौदा के दो पहलवानों का चयन जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हुआ है। अखाड़ा संचालक अश्विनी के अनुसार फ्री स्टाइल कुश्ती के 86 किलोग्राम भार वर्ग में सचिन पहलवान देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं कुश्ती के ग्रीको रोमन स्टाइल के 130 किलोग्राम भार वर्ग में जोगिंद्र पहलवान जोर आजमाइश करेंगे। ज्ञात रहे कि जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन 9 से 14 जुलाई तक होना है। लेबनान ने इस प्रतियोगिता की मेजबानी में असमर्थता जताई थी। जिसके बाद भारत को प्रस्तावित कुश्ती चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है।

### भागराम ट्रस्ट का रक्तदान शिविर आज

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर आज आयोजित होगा। शिविर हर सप्ताह की भांति शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में लगेगा। मुख्य अतिथि सुलतान सैनी होंगे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा और संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का होगा। शिविर में पीजीआई रोहतक के रक्त बैंक की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंचेगी। यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहबाद 2 बजे तक आयोजित होगा।

### जागसी में किसान के खेत से मोटर चोरी

**गोहाना।** गांव जागसी के किसान अनिल के खेत से मोटर चोरी कर ली गई। उसकी शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि खेत में सोलर प्लेट लगा रखी हैं। सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर मोटर लगाई गई थी। वह सोलर प्लेटों से ही मोटर को चलाता था। अज्ञात व्यक्ति ने मोटर चोरी कर ली।

### हादसे में बाइक सवार पति पत्नी और बच्चे घायल

**खरखौदा।** सोनीपत मार्ग पर कार व बाइक में टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर दंपति व उनके बच्चे घायल हो गए। रोहणा के रहने वाले साहिल का कहना है कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ खरखौदा से रोहणा गांव जा रहा था। जब वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो सर्विस लेन पर एक कार चालक महिला ने अपनी कार को तेज रफ्तार से चलाकर उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए, घायल साहिल की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### महायोग फाउंडेशन करवा रही है योग



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**सोनीपत।** महायोग फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां के तहत कॉमन योग प्रोटोकोल ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रवक्ता ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा 21 जून को मैपस्को सिटी पार्क सेक्टर 27 में योग दिवस मनाया जाएगा। प्रवक्ता के अनुसार ट्रेनिंग के तहत योग करवाया जा रहा है और लोगों को योग के फायदे बताए जा रहे हैं।

## बच्चे ने 5 रुपये का सिक्का निगला, अस्पताल में नहीं मिल पाया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे पांच साल के बच्चे का उपचार न करने का आरोप परिजनों ने लगाया है। आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक ने बच्चे को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। उसके बाद परिजनों को एंबुलेंस नहीं मिली। परिजन बच्चे को बाइक पर ही रोहतक लेकर जाने लगे। परिजनों ने नागरिक अस्पताल में एक्सरे सुविधा व बाल रोग चिकित्सक न होने का आरोप है।

बता दें कि दहिया कॉलोनी निवासी अनुराग ने बताया कि भतीजे ईशान ने रविवार को सिक्का निगल लिया। सिक्का निगलने के कारण बेटे को सांस लेने में परेशानी शुरू हो गई। उन्होंने बेटे को उठाया और तुरंत इलाज को नागरिक अस्पताल की तरफ दौड़े। अस्पताल में बेटे को इलाज नहीं मिला। उन्हें बेहद परेशानी हुई। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब अस्पताल में एम्बुलेंस भी उपलब्ध नहीं थी। इससे बच्चे की जान खतरे में पड़ गई। यह घटना अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है। रायपुर निवासी देवेंद्र गौतम ने भी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन से इस तरह खिलवाड़ करना निंदनीय है। वहीं रायपुर निवासी देवेंद्र गौतम ने भी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए और कहा कि बच्चों के जीवन से इस तरह खिलवाड़ करना निंदनीय है। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं और अस्पताल प्रशासन को सुधार के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है।


सोनीपत। बच्चे को बाइक पर लेकर जाते हुए परिजन।

### ट्यूशन पर जाने के लिए घर से निकला छात्र लापता

**गोहाना।** गांव आहुलाना से शहर में कोचिंग सेंटर पर आया छात्र लापता हो गया। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव आहुलाना के सेवा सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा सत्यम 12 जून को घर से ट्यूशन पर जाने के लिए निकला था। वह शहर में गुढ़ा चुंगी के निकट कोचिंग सेंटर के पास पहुंचा और उसके बाद लापता हो गया।

## पहली ही बरसात में उखड़ी गलियों की टाइलें, निर्माण सामग्री पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में नगरपालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में गली निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। हालांकि नगरपालिका अधिकारी इन निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर यह दावे फेल हो रहे हैं। खेड़ी रोड स्थित कौशिक गार्डन के पास हाल ही में बनाई जा रही एक गली ने नगरपालिका के विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि गली निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। बताया गया कि टाइलें बिछाने से पहले जहां मजबूत आधार के लिए पत्थर व आवश्यक सामग्री डाली जानी चाहिए थी, वहां सीधी कच्ची मिट्टी को समतल कर टाइलें बिछा दी गईं। स्थानीय निवासी मोनू, विकास और संदीप ने बताया कि ठेकेदार द्वारा रेत की जगह मिट्टी का इस्तेमाल किया गया, जिससे पहली ही बारिश में गली की स्थिति बिगड़ गई। मिट्टी के बहते ही टाइलें हिलने लगीं और गली उखड़ने लगी। उन्होंने कहा कि जब इस घटिया निर्माण की शिकायत नगरपालिका को दी गई, तो विभाग ने महज खानापूर्ति कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने मांग की है कि लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गली का पुनः निर्माण कराया जाए। इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भेजकर जांच कराई जाएगी।


गन्नौर। गली की उखड़ी हुई टाइलें।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवम निवासी उत्तर प्रदेश हाल में गांव जठेड़ी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 13 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी घर पर थी। वह अपने किसी काम से बाहर चला गया। वापस आया तो उसका पड़ोसी शिवम घर से निकलता हुआ मिला। बेटी ने बताया कि आरोपित जबरदस्ती घर में घुस आया। उसके साथ गलत काम किया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक संतोष ने बताया कि लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाए।

## पंचायत उपुचनाव : छिछड़ाना में राजबीर सिंह और जौली में रेनू को सरपंची का ताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को गांव छिछड़ाना और जौली में पंचायत उप चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। दोनों गांवों में सरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। गांव छिछड़ाना में राजबीर सिंह सरपंच बने। गांव जौली में रेनू पत्नी सेवा सिंह सरपंच बनीं। शाम छह बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना की गई, जिसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किया गया।

गांव छिडड़ाना में पांच उम्मीदवार मैदान में थे। यहां पर कुल 3322 मतदाताओं में से 2360 ने मतदान किया। राजबीर को 1230 वोट मिले और वे चुनाव जीत गए। सहदेव को 970 वोट, प्रवीन को 137 वोट, जगबीर को 12 और सुरेश को 6 वोट मिले। चार लोगों ने किसी उम्मीदवार को पसंद नहीं किया और नोटा को वोट दिए। गांव जौली में सरपंच का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित है। यहां दो महिलाएं मैदान में थी। इस गांव में 4523 मतदाताओं में से 2557 ने मतदान किया। रेनू पत्नी सेवा सिंह 1487 वोट लेकर सरपंच बनीं। उनकी प्रतिद्वंद्वी रेनू पत्नी अरुण को 1067 वोट मिले। तीन लोगों ने नोटा का वोट दिए। दोनों गांवों में सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। इसके बाद अधिकारियों ने मतगणना करके चुनाव परिणाम घोषित किया।

### पांची जाटान में वार्ड-4 से मुकेश बनी पंच

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में वार्ड नंबर-4 के लिए हुए पंच उपचुनाव में मुकेश ने 60 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वार्ड नंबर-4 में कुल 235 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 164 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिनमें 99 पुरूष व 65 महिला मतदाता शामिल थी। मुकेश को 112 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कविता को 52 वोट मिले। मुकेश ने 60 वोटों के बड़े अंतर से विजय हासिल की। मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे, जिससे चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। विजयी प्रत्याशी मुकेश ने कहा कि वह अपने वार्ड के विकास के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगी। चुनाव परिणाम आने के बाद समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय का जश्न मनाया।

### परिणाम घोषित होने के बाद खुशी की लहर

## नीट में विद्यार्थियों ने मनवाया लोहा

### शुभम ने 1479वीं रैंक हासिल कर परिजनों के सपने को किया साकार



**खरखौदा।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से ली गई राष्ट्रीय सह पात्रता परीक्षा (नीट) का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया है। जिसमें खरखौदा के रहने वाले शुभम पुत्र सुशील कुमार ने ऑल इंडिया इंडिया स्तर पर 1479 वीं रैंक हासिल कर परिजनों के सपने को साकार किया है। उसका बचपन से ही डाक्टर बनने का सपना था। नियमित रूप से 10 -12 घंटे पढ़ने की समय सारिणी ने उसके लिए रामबाण का काम किया। उसके पिता सुशील कुमार पीजीटी मैथ्स (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहणा) तथा माता शोभा रानी टीजीटी हिंदी (गोपालपुर) ने अपने बेटे के सपने को सर्वोपरि रखते हुए वो सभी सुविधाएं प्रदान की, जो उसको अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मददगार साबित होती।शुभम के माता-पिता दोनों का शिक्षा जगत में अहम योगदान रहा है। गरीब विद्यार्थियों को समय-समय पर सहायता प्रदान करना, अतिरिक्त कक्षाएं लेकर उनके परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के साथ साथ सभी विद्यार्थियों को अपने बच्चों की भांति संस्कार व नैतिक शिक्षा देना उनका शगल रहा है।

### शिवा शिक्षा सदन की किरण 2662वीं और लक्ष्य ने 8428वीं रैंक हासिल किया


किरण


लक्ष्य

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन, सोनीपत के विद्यार्थियों ने नीट-2025 परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस गौरवशाली उपलब्धि में सबसे प्रमुख नाम किरण का है, जिसने ऑल इंडिया रैंक 2662 हासिल कर पूरे क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। इसके साथ ही लक्ष्य सांगवान ने 8428, शिवोम दलाल ने 25809, नैंसी ने 80677 और अभिलाषा ने अपनी श्रेणी में रैंक 52025 प्राप्त कर नीट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। विद्यालय की प्राचार्या अलका विज ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों, विद्यालय और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने भी सभी सफल छात्रों को बधाई दी और कहा कि शिवा शिक्षा सदन का उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी को जिम्मेदार, सशक्त और संवेदनशील नागरिक बनाना है। उन्होंने डमी स्कूल प्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि वह बच्चों को कृत्रिम और अस्वस्थ माहौल में धकेल रही है।

### बाजार से सामान लेकर लौट रही लड़की को वाहन ने चपेट में लिया

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बाजार से सामान लेकर घर लौट रही लड़की को दोपहिया वाहन ने चपेट में लिया। हादसे में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कैलाश कॉलोनी निवासी सोनू ने बताया कि उसकी लड़की गत दस जून को देर शाम किरयाणा स्टोर से सामान लेकर घर लौट रही थी। वापस लौटते समय उसकी बेटी को दोपहिया वाहन ने चपेट में लिया। हादसे में उसकी बेटी घायल हो गई। वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया। उपचार के लिए उसकी बेटी को नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी बेटी को खानपुर रेफर कर दिया। जांच अधिकारी एसआई दिनेश ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## प्रवीण वर्मा फिर बने समाज सेवा समिति के प्रधान


सोनीपत। गणमान्य लोगों को सम्मानित करते हुए प्रधान एवं अन्य पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज सेवा समिति की सत्र 2025-26 की प्रथम आम सभा रविवार वसुंधरा गार्डन कबीरपुर बाईपास सोनीपत में आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता राजीव बाटला मलिक, वसुंधरा गार्डन तथा मुख्य अतिथि प्रमोद भगत एडवोकेट रहे। इस सभा में गत वर्ष 2024-25 लेखा जोखा कोषाध्यक्ष सतीश अरोड़ा तथा लेखा परीक्षक कृष्ण कुमार बत्रा ने ऑडिट रिपोर्ट सभा पटल पर रखी। समिति के समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद्र हसीजा, मुख्य सरपरस्त पवन गोयल, सरपरस्त रत्नेश बत्रा, सहसंयोजक जतिंदर रिलन, प्रधान प्रवीण वर्मा सभी पदाधिकारी ने माननीय सदस्यों को अलग-अलग विचारों से समिति के कार्यों को अपने विचार रखें। संयोजक शशीकरण नासा ने सत्र 2025-26 के प्रधान तथा लेखा परीक्षक का चुनाव प्रारंभ किया। सर्व समिति से सत्र 2025-26 के लिए प्रवीण वर्मा को प्रधान तथा कृष्ण कुमार बत्रा लेखा परीक्षक को चुना गया। समिति के मीडिया प्रभारी सुरिंदर सेठी एवं अविनाश सेठी ने बताया कि संयोजक और स्थाई सदस्य की सलाह से पवन गोयल को मुख्य सर परस्त, रत्नेश बत्रा को सरपरस्त, सहसंयोजक जितेंद्र रिलन तथा संजय मक्कड़, प्रधान की सलाह से कोषाध्यक्ष सतीश अरोड़ा तथा वरिष्ठ महासचिव आरके सेतिया के नामों की पदाधिकारी ने घोषणा की।



## हरियाणवी पहनावा

हरियाणा का पारंपरिक पहनावा पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता और पगड़ी, और महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और चुंदड़ी है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। हालांकि शहरी महिलाओं और पुरुषों में अब यह पहनावा कम ही देखने को मिलता है। युवाओं में तो आधुनिक वेशभूषा का ही क्रेज हैं। स्कूल व कॉलेजों के सांस्कृतिक समारोहों में जरूर यह पारंपरिक पहनावा देखने को मिल जाता है।

# हमारी योग पद्धति का दुनिया में बज रहा डंका

**भारत सरकार ने योग और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा के कई युवाओं को विदेशों में भेजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिस पर 177 देशों ने सहमति दी थी। इसके तहत 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और यह आज तक बदस्तूर जारी है।**

**भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं। वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।**



कुरुक्षेत्र के अजय राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।

योग और संस्कृति

राज कुमार नरवाल

योग स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति के लिए की जाने वाली एक क्रिया है। योग एक अत्यंत आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं।

वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर 177 देशों ने अपनी सहमति जताई थी। 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 21 जून को दुनियाभर के देशों में योग दिवस जोश के साथ मनाया जाता है। हरियाणा में भी प्राचीन समय से ही योग की परंपरा रही है। शुरू से ही यहां पर कसरत, कबड्डी व कुश्ती जैसे क्रिया कलाप होते रहे हैं। यहां तक कि शिक्षा के केंद्रों में भी विद्यार्थियों को इनका अभ्यास करवाया जाता रहा है। हरियाणा के लोगों को बचपन से ही शारीरिक श्रम करने का शौक रहा है। आज भी हरियाणा के अनेक खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## विदेशों में योग सिखा रहे हरियाणवी

हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई योग शिक्षक विदेशों में इंडियन कल्चर डिप्लोमैट के तौर पर योग और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महम के खरकड़ा गांव से डॉ. सोमवीर आचार्य सुरीनेम में भारतीय योग दर्शन, हिंदी, संगीत, नृत्य आदि का फैलाव कर रहे हैं। डॉ. सोमवीर आचार्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अजय कुमार राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, मोन्सट्रेट आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं। अजय कुमार राठी इससे पूर्व रूस और चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भारत सरकार ने पानीपत के कवि गांव निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह को हांगकांग, फरीदाबाद के मनोज को स्पेन, झज्जर से जयवंती सिंह को स्लोवाकिया, झज्जर के आशीष गहलावत को सऊदी अरब, डीघल के राम अहलावत को रूस में, बरहाना से अजीत अहलावत को पोर्ट मोरेस्बई, मातनहेल गांव की बहु सोनू को बेल्जियम भेजा था। इनके अलावा भी हरियाणा के कई युवक युवतियां विदेशों में योग एवं प्राणायाम और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं



डॉ. सोमवीर आर्य (द्वितीय सचिव) सांस्कृतिक राजदूत, भारतीय राजदूतावास, सूरीनाम, दक्षिणी अमेरिका।



भारतीय संस्कृति और योग के शिक्षक रोहतक, (हरियाणा) निवासी डॉ. जसबीर उच्चायोग के आधिकारिक क्षेत्र अकरा, घाना में योग गतिविधि की देखरेख करते हैं।

## योग के मुख्य अंग

**यम :** सामाजिक आचरण (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह)
**नियम :** व्यक्तिगत आचरण (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान)
**आसन :** शारीरिक मुद्राएं
**प्राणायाम :** श्वास नियंत्रण
**प्रत्याहार :** इंद्रियों को नियंत्रित करना
**धारणा :** एकाग्रता
**ध्यान :** चिंतन
**समाधि :** ध्यान की चरम अवस्था।

आज, योग एक लोकप्रिय व्यायाम और कल्याण पद्धति के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

## योग प्रोटोकॉल में शामिल मुख्य बातें

**प्रार्थना :** योग अभ्यास की शुरुआत से पहले, शांति और सकारात्मकता के लिए प्रार्थना की जाती है.

**चालन क्रिया :** शरीर को वार्म-अप करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए, गर्दन, कंधे, कमर, और घुटनों की चालन क्रियाएं की जाती हैं.

**आसन :** योग के मुख्य भाग में, विभिन्न आसन (जैसे खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, और पीठ के बल) किए जाते हैं.

**प्राणायाम :** सांस लेने की तकनीकें, जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, और शीतली, शरीर और मन को शांत करने के लिए की जाती हैं.

**ध्यान :** ध्यान के माध्यम से, एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने का अभ्यास किया जाता है.

**संकल्प :** योग अभ्यास के अंत में, एक सकारात्मक संकल्प लिया जाता है, जो पूरे दिन के लिए प्रेरणा प्रदान करता है.

**शांति पाठ :** योग सत्र के समापन पर, शांति और सद्भाव के लिए शांति पाठ किया जाता है।

### कृष्ण, महावीर व बुद्ध ने भी योग का विस्तार किया

भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महाबीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

### सामान्य योग प्रोटोकॉल में ये अभ्यास शामिल

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामान्य योग प्रोटोकॉल में प्रार्थना, योग आसन (जैसे ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन), प्राणायाम (जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली), ध्यान, संकल्प, और शांति पाठ जैसे अभ्यास सिखाए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल में इन अभ्यासों को शामिल किया गया है, ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।



कविता

डॉ. शील कुमार



## भारत की हो जय जयकार

परम वैभवी भारत बणज्यआ,
संघ शक्ति का हो विस्तार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,
भारत की हो जय जयकार।।

ना भेद-भाव हो मन मैं,
ना मंदिर-कुआं न्यारा हो।
ना जात-पात हो दिल मैं,
बस सबका भाई चारा हो।
सामाजिक समरसता होज्या,
मिट ज्यागी सारी तकरार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

कुटुंब प्रबोधन करकै,
घर मैं सबनै सम्मान मिलै।
हों बालक आज्ञाकारी,
और देश-धर्म का ज्ञान मिलै।
टुटणै तै परिवार बचैंगे,
घर मैं बणे रहं संस्कार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

स्व का भाव जगाकै,
स्वदेशी का इब ध्यान करो।
स्वभाषा व संस्कृति,
महापुरुषों पै अभिमान करो।
उज्ज्वल अपणी परम्परां सैं,
जीवन का सैं ये आधार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

इब पाणी खूब बचाणा,
और प्लास्टिक दूर भगाणा सै,
पौधे नये लगाकै,
पर्यावरण बचाणा सै।
शुद्ध हवा और पाणी होज्या,
स्वस्थ रहैगा सब संसार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

हों यातायात के नियम,
चाहे बिजली फेर बचाणी हो।
सरकारी सम्पत्ति की,
हांम कदै करां ना हानि हो।
नागरिक के कर्तव्य निभावां,
भारत मां के पहरेदार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

केश विन्यास

**हरियाणवी महिलाओं की गौरवशाली पहचान चूंडा साफ-सुथरी और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक कहलाता था**



# चूंडा : विलुप्त होती एक हरियाणवी परंपरा

श्रृंगार

आशा कुमारी

हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराएं जितनी गहरी हैं, उतनी ही आकर्षक भी हैं। लोकगीत, पहनावा, बोली और नृत्य के साथ-साथ यहाँ की स्त्रियों की सजने-संवरने की शैली भी समय-समय पर लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही है। ऐसी ही एक विलुप्त होती परंपरा है 'चूंडा' बनाने की हेयरस्टाइल, जो कभी हरियाणा की पहचान और ग्रामीण स्त्रियों की शोभा मानी जाती थी।

### चूंडा क्या होता है?

चूंडा एक पारंपरिक हेयर स्टाइल थी जिसमें महिलाओं के बालों को अलग-अलग सेक्शनों में बाँटकर, बारीकी से छोटी-छोटी चोटियों में गूंथा जाता था। फिर उन सभी चोटियों को मिलाकर सिर के ऊपरी हिस्से पर एक गोल जूड़ा बनाया जाता था। इस जूड़े को सजाने और स्थिर रखने के लिए काले रंग के सूती धागों की मदद से बालों को बाँधा और लपेटा जाता था। ये काम गाँव की एक विशेष महिला जिसे 'नाण' कहा जाता था, करती थी। 'नान' वह स्त्री होती थी जो अनुभवी होती थी चूंडा बनाने में। हर गांव में एक-दो नाण होती थीं जो त्योहारों, शादी-ब्याह और विशेष अवसरों पर युवतियों और महिलाओं से उपहार भी प्राप्त करती थी। आप कह सकते हैं नाण पुराने जमाने की ब्यूटीशियन होती थी। चुटिला जो काले सूती धागों से बनता था, का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चूंडा बनाने के लिये होता था। शादी या त्योहार के अवसरों पर काले धागे जिनके छोर पे लाल, पीले, हरे जैसे रंगीन धागों को भी इस्तेमाल किया जाता था। बालों को बाँधकर आखिर में चूंडे को इन्हीं कपड़ों से लपेटकर एक साफ-सुथरी और सुंदर आकृति दी जाती थी।

### हर दिन नहीं धोए जाते थे बाल

उस समय बालों को जल्दी-जल्दी नहीं धोया जाता था। आमतौर पर महिलाएं सप्ताह में एक बार बाल धोती थीं, और बाकी दिनों में चूंडा बनाने की वजह से बाल धूल और गंदगी से सुरक्षित रहते थे। गूंथे हुए बाल उलझते नहीं थे, और न ही खुले बालों की तरह चेहरे पर आते थे। इस प्रकार चूंडा एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक था। हरियाणवी बोली में चूंडा को लेकर कई मुहावरे और कहावतें प्रचलित थीं। जैसे कि 'चूंडा पाड़ देना' जो लड़ाई की तीव्रता को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता था।



### लोकनृत्य में चूंडे की प्रतीकात्मकता

आज भले ही महिलाएं रोज़ चूंडा न बनाती हों, लेकिन हरियाणवी नृत्य में यह आज भी जीवित है। नर्तकियाँ अपने सिर पर एक कोन जैसी आकृति (कार्डबोर्ड या कागज़ की बनी) रखती हैं, जो चूंडे का ही प्रतीक होती है।

यह न केवल एक सजावट होती है, बल्कि यह दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम करती है। इसलिए फिल्मों में भी हरियाणवी पोषाक के साथ सिर पर चूंडे को दर्शाया जाता है। चूंडा बनाना अक्सर अकेले नहीं होता था। नाण जब महिलाओं के बाल बनाती थीं, साथ बैठकर गप्पें मारती थीं, लोकगीत गाती थीं और एक-दूसरे को गाँव की सारी खबरें देती थी। इससे शायद सोशल मीडिया की कमी कुछ पूरी होती होंगी। यह एक सामूहिकता का अनुभव था। इसमें आपसी रिश्ते भी मजबूत होते थे और परंपरा भी आगे बढ़ती थी। आज के समय में, जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है और फैशन ट्रेंड्स इंस्टाग्राम से तय होते हैं, ऐसे में चूंडा जैसी परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। अब शायद ही किसी लड़की या महिला के सिर पर वह खूबसूरत चूंडा दिखता है, जो उसकी दादी या नानी कभी बनाती होंगी।

### संस्कृति की चोटी पर बंधी स्मृति

चूंडा न केवल एक जूड़ा होता था, बल्कि हरियाणवी स्त्री की गौरवशाली पहचान थी। यह बालों के सजने से कहीं ज्यादा, परंपरा, स्त्रीत्व और सौंदर्य का प्रतीक था। आज जब हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौटने की बातें कर रहे हैं, तो हमें ऐसी छोटी-छोटी परंपराओं को भी संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

### फिर से दिलानी होगी पहचान

हरियाणा के कलाकार चाहें तो अब चूंडा जैसी शैलियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश कर सकते हैं? इसके लिए लोकनृत्य प्रशिक्षण, गांवों में आयोजित सांस्कृतिक मेलों और स्कूलों की लोककला कार्यशालाओं में चूंडा बनाना सिखाया जा सकता है। युवतियां भी अब इसे एक 'विंटेज हेयरस्टाइल' के रूप में देख सकती हैं।

रागनी

भूपसिंह भारती



## पेड़ ही पेड़ लगाओ

जग म्ह जीणे की खातिर, पौधे पांच लगाओ।
सूखी अर वीरान धरा नै, फेर तै हरी बणाओ।।

धरती की हम करा रूखाली, बण कै सच्चे माली,
फळ फुलां तै लदी रहै सै, म्हारी एक एक डाली,
फेर करी क्यूं नजर कुढ़ाली, हमनै काट बगाओ।

गहरी सीली छाया द्याँ, अर द्येवां हम अन्न पाणी,
जीव जंतु संतान सगी रै, ना समझी कदे बिराणी,
कदे ना कदर पिछाणी, थम म्हारा गळ कटवाओ।

समझ नहीं थारै आई, हम धरती के आभूषण,
पर्यावरण नै शुद्ध करा, भई करकै दूर प्रदूषण,
पेड़ करै सबका पोषण, थम शोषण नै रुकवाओ।

सब बातां नै छोड़ कै सारे, मिल कै शपथ उठाओ,
पेड़ो की रखवाळ करो अर, पेड़ ही पेड़ लगाओ,
कहै 'भारती' पेड़ लगाकै, इणका संताप मिटाओ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

# लोक साहित्य की वाचन परंपरा का खास महत्व : रविन्द्र रवि

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य को अपनी आवाज के जादू से नया आयाम देते आ रहे रविन्द्र कुमार रवि अनूठी साधना में जुटे हैं। मसलन कवि सम्मेलन, काव्य मंच, आकाशवाणी व टीवी चैनलों के माध्यमों से साहित्य की विधाओं को स्थान मिलता रहा है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर साहित्य की वाचन-परंपरा का नया चितेरा बनकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, जो करीब नौ वर्षों से हिंदी और हरियाणवी में अपनी कलम और आवाज के जादूगर के रूप में एक मजबूत व्यक्तित्व और बेहतरीन मंच संचालक के रूप में उभरे हैं।

अंग्रेजी शिक्षक एवं साहित्यविद्, लेखक एवं आवाज के जादूगर रविन्द्र कुमार रवि ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कई ऐसे तथ्यों को उजागर किया है, जिसमें वह अपनी वाचन कला की प्रतिभा के बल पर हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य की वाचन परंपरा को देशभर की रचनाधर्मिता से जोड़े हुए हैं। रविन्द्र कुमार 'रवि' का जन्म 18 जुलाई 1978 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव सुरेहली में फतेह सिंह और चंद्रकला के घर में हुआ। उनके पिता सेना में देश की सेवा में रहे तथा माता गृहणी के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के साथ परिवार को संस्कार देने में जुटी रही। परिवार में कोई साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल नहीं रहा, लेकिन बचपन से रेडियो सुनने के शौकीन रहे रविन्द्र रवि यादव लोक संस्कृति पर आधारित काव्य सृजन यानी काव्य मंचों पर





तरन्नुम में मधुरकंठी काव्यपाठ से छाप छोड़ने में माहिर हैं। पठन पाठन, वाचन, संगीत सुनना, हिंदी हरियाणवी में लिखना उनकी अभिरुचि में समाया हुआ है। रवि ने नाहड़ के सरकारी कालेज से स्नातक, मोरनी हिल्स से जेबीटी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद छह वर्ष तक एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। इनकी बाद में दिल्ली सरकार के स्कूल में अंग्रेजी के जेबीटी शिक्षक के तौर पर नियुक्ति हुई। इसके साथ ही वह अपने लोक साहित्य को नया आयाम देते हुए रचनात्मक कार्य में जुटे रहे। वर्ष 2016 में वे बोल हरियाणा के एक बड़े मंच से जुड़े और उनकी इस कला की प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बकौल रवि उन्होंने बोल हरियाणा देश के विभिन्न कोनों के वरिष्ठ रचनाकारों की चार सौ से ज्यादा लघुकथाओं तथा 'बोल किताबों ताई के' नामक शीर्षक से अपनी हरियाणवी रचनाओं की एक लंबी श्रृंखला को स्वर देकर विशिष्ट पहचान बनाई। अब तक वह करीब पांच सौ बोल किताबो ताई के लिख चुके हैं। फोटो आधारित इन छह पंक्तियों में हरियाणवी जीवन के हर पहलू को लिखने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कोरोना काल में अपने उक्त स्थायी स्तंभों के अलावा एक चिट्ठी अपनों के नाम, माई लाइफ ड्यूरिंग लॉकडाउन, आपके जज्बात के साथ आदि समसामयिक स्तंभों का लेखन करके अपना रचनात्मक योगदान दिया है। उनका कहना है कि अंग्रेजी उनके कार्य क्षेत्र के लिए एक विषय है, लेकिन हिन्दी भाषा रगों में रची-बसी है और हरियाणवी मां बोली है।

### यहां से मिली मंजिल

आवाज के जादूगर रविन्द्र रवि ने बताया कि उनकी इस रचनात्मक यात्रा में जनवरी 2019 में एक नया पड़ाव उस समय आया, जब उन्होंने इसी परंपरा पर आधारित नवाचारी प्रकल्प प्रारंभ किया। बोलता साहित्य-विद रवि यादव नामक इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से उन्होंने फिर नए प्रयोग करने शुरू किए। इसी माध्यम से वह अभी तक शताधिक लघुकथाएं, करीब एक दर्जन कहानियां, डेढ़ सौ से ज्यादा कविताएं, काफी ज्यादा संख्या में समीक्षाएं, संस्मरण, पत्र आदि रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुके हैं। वह विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी कर चुके हैं तथा प्रसारित संस्मरणों पर आधारित कुटुंब नामक एक ई-बुक भी लॉन्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कथा कहानी कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लघुकथाओं का प्रसारण हुआ इसके साथ-साथ बड़ी कहानियां एवं कविताओं का भी प्रसारण रेडियो बोल हरियाणा पर हुआ। आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति को लेकर रविन्द्र कुमार रवि का कहना है कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत सदियों पुरानी और समृद्ध रही है। हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, रंगमंच और साहित्य ने सदा से समाज को दिशा दी है। इस आधुनिक युग में भी लोक कला और संस्कृति ने अपना विशिष्ट स्थान बए रखा है।

### पुरस्कार और सम्मान

अपनी इस अनूठी साहित्यिक कला की साधना में जुटे रविन्द्र रवि को अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख रुप से बोल हरियाणा गौरव सम्मान, लघुकथा हितैषी सम्मान, हिंदी गूंज पुरस्कार, हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी सेवी सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में आउट स्टैंडिंग टीचर ऑफ डेल्ही शिक्षक सम्मान, वेस्ट दिल्ली जोनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड, यूनेस्को के वर्ल्ड वाइड न्यूज लेटर में सम्मान के अलावा अनेक सामाजिक,साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से भी अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

## खबर संक्षेप



गोहाना। शिविर में एक महिला के कानों की जांच करते हुए विशेषज्ञ।

### 298 रोगियों में से 34 के नेत्रों में मिला मोतियाबिंद

**गोहाना।** रविवार को गांव रिढ़ाणा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। आओ गांव चलें कार्यक्रम के तहत यह शिविर डॉ. अशोक खुराना की स्मृति में आयोजित हुआ जिसमें आंख, नाक, कान और गला रोगों की जांच की गई। सानिध्य श्री श्री 1008 बाबा भलेगिरी जी महाराज का रहा। शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों में डॉ. एसपीएस भाटिया, डॉ. नीरज दुआ व डॉ. धर्मबीर सिंह ने टीम के साथ 298 की आंखों की जांच की। इनमें 34 को मोतियाबिंद पाया गया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. भूषण कथूरिया ने टीम के साथ 56 रोगियों की जांच की। इनमें से 8 के कानों में खराबी मिली। शिविर में चश्मे व दवाइयां फ्री में दी गई गई। सेवा में मनोज, तिलक और नीलम ने अपना विशेष सहयोग दिया।



खरखौदा। पौधरोपण करते मोहनलाल बड़ौली व अश्विनी कौशिक।

### समर्थक के कार्यालय पर खरखौदा पहुंचे बड़ौली

**खरखौदा।** थाना कलां मार्ग पर एक निजी सिक्योरिटी सर्विस कार्यालय का पुनः शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण और गरीब परिवार की आर्थिक सहायता करने का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक पवन खरखौदा, नगरपालिका के चेयरमैन हीरालाल, पालिका पार्षद सीता राम, गरीब कल्याण संस्था के संरक्षक शक्ति ठेकेदार ने अश्वनी कौशिक और कुलदीप कौशिक व समर्पित टीम को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। साथ ही पौधारोपण किया। भाजपा नेताओं का मानना था कि यह आयोजन संगठनात्मक प्रगति का द्योतक ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



सोनीपत। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

### सीएमए सदस्यों ने खेला बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट

**सोनीपत।** द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, सोनीपत चैप्टर द्वारा शनिवार को को बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सदस्यों के मध्य आपसी सहयोग, मनोरंजन एवं पारिवारिक एकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में चैप्टर के चेयरमैन प्रवीन मदान, वाइस चेयरमैन दिनेश खत्री, सचिव पवन कुमार, अतुल खट्टर, दिनेश अग्रवाल, अमित गोपाल सहित चैप्टर के अन्य प्रमुख सदस्य पंकज जैन, ज्योति रानी, संदीप खत्री, कृष्ण, मोहित, कमलकान्त, सचिन, अनुज, तरूण आदि सदस्यगण अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता टीम को चैप्टर के चेयरमैन प्रवीन मदान की ओर से ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया।


मंडी क्षेत्र में बिजली समस्या गहराई, 12 घंटे बत्ती गुल, लोग परेशान

# एक पेड़ गिरा और 50 हजार की आबादी अंधेरे में डूबी, कई जगह की आपूर्ति ठप

- सुबह 8 बजे के करीब गई थी बिजली, शाम को साढ़े 7 हो पाई सुचारू
- मोहन नगर और मंडी फीडर में आई थी दिक्कत

### हजारों लोग हुए प्रभावित, शिकायतें बनीं बेअसर

शहर के पश्चिमी और मंडी क्षेत्र की 15 से अधिक कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। अनुमान है कि करीब 50 हजार से अधिक लोग इस संकट से प्रभावित हुए। सोशल मीडिया पर भी नागरिकों ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि हर बार शिकायत करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं मिलता। एक मामूली हवा या हल्की बारिश होते ही बिजली व्यवस्था दम तोड़ देती है।



### पेयजल के लिए हुई परेशानी

बिजली संकट का सबसे गंभीर असर शहर की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ा। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन सुबह 5 बजे पेयजल आपूर्ति की जाती है, लेकिन जैसे ही बिजली गुल हुई, दो बड़े बूस्टिंग स्टेशन बंद हो गए। इसके कारण अधिकांश क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। लोग सुबह से ही नगर निगम और बिजली निगम के अधिकारियों को बार-बार कॉल कर रहे थे, लेकिन या तो कॉल रिसीव नहीं हुए या संतोषजनक जवाब नहीं मिला। महिलाएं बाल्टियों और ड्रम लेकर पानी की तलाश में भटकती रहीं।

### दो दिन पहले केबल बॉक्स फटा था

काठ मंडी के पास बिजली लाइन पर पेड़ गिर गया था। वहीं, मोहन नगर फीडर पर दो दिन पहले केबल बॉक्स फट गया था। जिसके चलते रविवार को दोनों लाइनों पर मरम्मत का कार्य किया गया। देर शाम तक मरम्मत कार्य पूरा करने के बाद लाइन चालू की गई।

**निर्मल सिंह, उपमंडल अभियंता, बिजली निगम।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मंडी क्षेत्र में बिजली समस्या गहराती जा रही है। हवाएं तेज चलें तो बिजली गायब हो जाती है, आसमान से दो बूंद गिरती तब बिजली ठप हो जाती है।

रविवार को भी काठमंडी के पास बिजली लाइन पर पेड़ गिर गया, जिसके कारण कई कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आलम ये रहा कि सुबह तकरीबन 8 बजे गई बिजली रात तकरीबन 8 बजे तक ही सुचारू हो पाई। लाइट न होने से शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। इस समस्या को लेकर लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन शिकायत केंद्र से उन्हें सही जवाब नहीं मिल पाया।

शहर के पश्चिमी क्षेत्र में रविवार सुबह से मोहन नगर व मंडी फीडर बंद हो गए थे। जिसकी वजह से क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति ठप पड़ी रही। 33केवी सूरज स्टील बिजली घर से जुड़े गुड़ मंडी, मिशन रोड, आर्य नगर, मिशन कॉलोनी, मिर्च मंडी, काठमंडी, वेस्ट रामनगर व ओल्ड रोहतक रोड के साथ लगती कई कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति ठप हुई। मंडी फीडर पर काठ मंडी के पास रविवार सुबह पेड़ गिर गया था। जिसके चलते लाइट गुल होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। बिजली न होने के कारण अधिकतर घरों में इनवर्टर भी ठप हो गए। दूसरी तरफ दो दिन पहले मोहन नगर के पास बिजली लाइन का केबल बॉक्स फट गया था। जिसके चलते मोहन नगर, लक्ष्मण कॉलोनी, बाबा कॉलोनी समेत आसपास क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी। लाइन को दुरुस्त करने के बाद चालू किया गया। शनिवार रात को फिर लाइन में बाधा आई।

### मरम्मत का काम जारी

रविवार सुबह से वहां पर मरम्मत का काम जारी है। बाबा कॉलोनी, लक्ष्मण कॉलोनी, मोहन नगर, नई अनाज मंडी, बैंयापुर, लहराड़ा, कालूपुर, भगत सिंह कॉलोनी, प्रभु नगर, मिर्च मंडी, आर्य नगर, गुड़ मंडी, काठ मंडी, वेस्ट रामनगर व ओल्ड रोहतक रोड के साथ लगती कई कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति बंद है। 50 हजार लोग बिजली समस्या से जूझते रहे। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ आयोजक एवं अन्य।

## जिला स्तरीय प्री सुब्रोतो कप लिटल एंजल्स ने जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

जिला फुटबाल संघ सोनीपत के तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर 15 लड़कों की प्री सुब्रोतो फुटबाल प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में चार स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया।

पहले सेमिफाइनल में लिटल एंजल्स स्कूल की टीम ने गवर्नमेंट स्कूल बुटाना की टीम को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में आरपीएस गन्नौर की टीम ने हैरिटेज स्कूल गंगाना की टीम को पैनेल्टी तक खींचे मुकाबले में 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। स्कूली स्तर की इस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल की टीम ने आरपीएस गन्नौर को 3-1 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। दोनों टीमों को ट्राफी तथा मेडल प्रदान किए गए। विजेता टीम 27 जून से 30 जून तक फतेहाबाद में होने वाली राज्य स्तरीय सुब्रोतो फुटबाल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जाएगी।

### ये रहे मौजूद

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला फुटबाल संघ के महासचिव नरेश मलिक, सचिव सुरेंद्र, नवीन मलिक, विशेष दहिया, मोहित, कर्मवीर, वरुण गोयल, गुलशन शर्मा, पवन, बलजीत कादियान, ईशान, साहिल राठी, कृष्ण सांगवान, सुरेंद्र कुंडू, पंकज गुलिया, राहुल, प्रभात आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 साल रहे विकास के नाम : मोहनलाल बड़ौली



खरखौदा। अपना उद्बोधन देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत रविवार को खरखौदा की भरत सिंह वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पिछले 11 साल विकास, विश्वास और सकारात्मक बदलाव को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंचें और हर पात्र लाभार्थी तक इनका लाभ सुनिश्चित हो। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, अन्य पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार यह कार्यकाल 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के "संकल्प की सिद्धि" का स्वर्णिम काल बन रहा है। मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है, वहीं तरक्की। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि जो लोग खरखौदा को गोहाना में मिलने की बात कर रहे है। वह केवल क्षेत्र के लोगों में भ्रम पैदा कर रहे है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि खरखौदा को किसी भी कीमत पर गोहाना में शामिल नहीं किया जाएगा। खरखौदा सोनीपत में ही शामिल रहेगा।

### व्यापारियों के पुरोधा लाला लक्ष्मी चंद गुप्ता की रोहतक में लगे प्रतिमा

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल सोनीपत द्वारा अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत में व्यापारियों को संघर्ष की लड़ाई लड़कर अपना हक लेना सिखाने वाले स्वर्गीय लाला लक्ष्मी चंद गुप्ता की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने बावजी के संघर्षों को याद करते हुए रोहतक में लाला जी की मूर्ति लगाने की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाला जी के सुपुत्र व हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान विजय गुप्ता बाबा, संगठन मंत्री कांति लाल शर्मा, रोहतास, जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला, अनिल गुप्ता, एडवोकेट अरविंद मित्तल, देवेंद्र कुच्छल, दिनेश कुच्छल, सोहनलाल जिंदल, दीपक गुप्ता सीए, संदीप तायल, सुशील गोयल, प्रवीन गुप्ता, ओडी गर्ग, प्रेम सिंगला, विनय सिंगला, एडवोकेट महावीर प्रसाद मित्तल, बबीता जिंदल, शालिनी मित्तल, विपिन, सचिन, विपिन, मोहित मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

गोहाना। जींद रोड स्थित नगर परिषद पार्क में चल रहे पतंजलि योग समिति के पांच दिवसीय योग शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में योग साधकों को अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट मंडल प्रभारी भगवान गुप्ता ने कहा कि योग एक आध्यात्मिक अनुशासन एवं अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य का कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम प्रकाश हुड्डा व रामकुमार जिंदल थे। अध्यक्षता समिति तहसील प्रभारी पंकज जैन ने की। संयोजन कुलदीप दूहन और सुरेश पांचाल का रहा। मंच संचालन नीरज ग्रोवर ने किया। मुख्य योग प्रशिक्षक डॉ. सुरेश सैनी, सह योग प्रशिक्षक सुभाष सहरावत व दीक्षा तनेजा ने योगाभ्यास करवाया। विशेष सहयोग कृष्ण गोपाल बत्रा, डॉ. नरेश मलिक व विजय चौहान का रहा। शिविर में समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास, आजाद सिंह दांगी, सुरेश पंवार, जोगिंद्र मक्कड़, मयंक सैनी पारस तनेजा, पवन धीमान आदि मौजूद रहे।

### खरखौदा को गोहाना में शामिल किए जाने की संभावना का जोरदार विरोध

**खरखौदा।** गोहाना को जिला बनाने की चर्चा जोर पकड़ती जा रही है। साथ ही संभावना जताई जा रही है कि खरखौदा को उसमें शामिल किया जा सकता है। जिसके पीछे गोहाना जिला की सीमा को दिल्ली सीमा से जोड़ना बताया जा रहा है। जबकि खरखौदा उपमंडल के लोग किसी भी सूरत में गोहाना जिला में शामिल नहीं होना चाहते है। इस मुद्दे को लेकर खरखौदा संघर्ष कमेटी बनाई गई है। समिति ने गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क साधा और उन्हें बताया कि गोहाना जिला में शामिल होना क्योंकर नुकसानदायक होगा। इसी सिलसिले में रविवार को खरखौदा के परशुराम पार्क में पंचायत हुई। इसमें कई गांवों के लोगों ने भाग लिया और इस मुद्दे पर अपने उद्गार व्यक्त किए। पंचायत में लोगों ने कहा कि अगर खरखौदा को गोहाना जिला में शामिल किया गया, तो उन्हें 40 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। वहां तक पहुंचने के लिए पर्याप्त यातायात साधन नहीं हैं।

## जजपा का जनजागरण सदस्यता अभियान

सोनीपत। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सोनीपत की जनता ने बाप-बेटे का साथ छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को सोनीपत में एक सीट मिल पाई है। अब उनकी ही पार्टी के नेताओं ने उन्हें अलग-थलग छोड़ दिया है। आने वाले समय में जजपा सोनीपत से जीत हासिल करेगी। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर 25-25 लोगों को संगठन से जोड़ना है। 45 दिन के अंदर जनजागरण सदस्यता अभियान को पूरा करना है। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार दोपहर बहालगढ़ रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में पार्टी के जनजागरण सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पहुंचे थे। पत्रकारों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मस्त है। उन्हें सिर्फ यमुनानगर की चिंता लगी है कि वहां के शराब ठेके क्यों नहीं बिक रहे।

### 31 तक चलेगा अभियान

दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी का 15 जून से 31 जुलाई तक पूरे हरियाणा में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. केसी बांगड़, एडवोकेट रणबीर दहिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक, सोनीपत जिला के अध्यक्ष अशोक सरोहा, सोनीपत जिला के प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सुधीर धनखड़, सोनीपत जिला के प्रभारी देवेंद्र कादियान, मीणा मकरोली, पूर्व प्रत्याशी कुलदीप मलिक, पूर्व प्रत्याशी अनिल त्यागी, पूर्व प्रत्याशी विजेंद्र आंतिल, हल्का गनौर के अध्यक्ष सियानंद त्यागी, खरखौदा के अध्यक्ष देवेंद्र दहिया, राई हल्का के अध्यक्ष दिनेश चौहान सोनीपत के अध्यक्ष रवि दहिया, गोहाना के अध्यक्ष संदीप, बलजीत मलिक ,जगबीर सरोहा, युवा अध्यक्ष सुनील और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



- सोनीपत की जनता ने छोड़ दिया है बाप बेटे का साथ : दुष्यंत

## नवनिर्मित यज्ञशाला का किया उद्घाटन

**सोनीपत।** वैलफेयर एसोसिएशन सैक्टर 12 पार्ट थ्री सोनीपत के परिसर में श्रीनील कंठ महादेव मन्दिर के विशिष्ट सहयोग से नवनिर्मित यज्ञशाला का उद्घाटन और संचालन आचार्य प्रेम प्रकाश शर्मा के ब्रह्मत्व में यज्ञ किया गया। इस अवसर पर सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन को मुख्य अतिथि, सोनीपत विधायक निखिल मदान को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया था। जिन्होंने सेक्टरवासियों के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए बाउन्ड्रीवाल/चार दिवारी का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया और आश्वासन दिया कि शीघ्र स्ट्रीट लाईट की भी व्यवस्था कराई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा प्रधान हंस राज नांदल तथा सहयोग अशोक अरोड़ा मन्दिर अध्यक्ष ने किया, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन वैदिक प्रवक्ता और संस्था उपप्रधान और वैदिक प्रवक्ता हरिचन्द स्नेही ने किया। समारोह में आरपी रावत, हंसराज नांदल, अशोक अरोड़ा, राजेश राठी, राजेन्द्र सिंह ढुल, बलवान वशिष्ठ, जापान सिंह, प्रेम शर्मा, ललित गौतम, संजय गोयल, भूषण लाल चुघ, अशोक अरोड़ा, सूबे सिंह गहलावत, पुष्पा यादव, उर्मिला यादव आदि उपस्थित रहे।



## नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



नेहा



खुशी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541, सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525, समीक्षा ने 525, वैभव ने 525, सोमेश ने 520, नमन ने 518, शिवांगी ने 515, माणिक ने 515, हर्षिता ने 514, खुशी ने 513, तनीषा ने 510, हरमन ने 505, समीर ने 502, अविरल शर्मा ने 500, अभिनव ने 498, नेत्रपाल ने 496, सौम्या ने 495, पूजा ने 495, प्रियांशु ने 495, भूपेंद्र ने 493, विशेष ने 490, मेघा ने 487, आकाश ने 485, मुस्कान ने 480, कनक भारद्वाज ने 462 अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तथा कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, के बल पर जीवन में बड़ी से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### गोहाना-महम लिंक रोड के साथ रोपे 22 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा अपने साप्ताहिक अभियान के तहत रविवार को गोहाना में श्रीराम शरणम आश्रम के सामने जींद-बरोदा-महम लिंक रोड के डिवाइडर पर पौधारोपण किया गया। संगठन द्वारा मार्ग के साथ पापड़ी, जामुन, अर्जुन और नीम के 22 पौधे रोपे गए। संगठन के सदस्यों ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई करके उनकी सिंचाई भी की गई। संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा के अनुसार संगठन द्वारा लिंक रोड पर डिवाइडर पर पौधारोपण किया गया। यहां पौधारोपण का कार्य संगठन द्वारा इस मानसून सत्र में पूरा कर लिया जाएगा। संगठन द्वारा करीब डेढ़ दशक पहले गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद लिया गया था। उसके बाद से ही संगठन द्वारा सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शहर में सडकों के किनारे फुटपाथ की खाली जगह और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाता है।

## नीट में आरपीएस के 102 विद्यार्थियों ने हासिल किए 500 से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। छात्रा को बधाई देते शिक्षक एवं अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्रा सारिका ने 720 में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरपीएस संस्था के 102 विद्यार्थियों ने पूरे देश-प्रदेश में इतिहास रचते हुए 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। नीट की परीक्षा में आरपीएस ग्रुप के सारिका ने 720 अकों में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86, इकलव्य सिंह ने 616 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 364, गोपेश शर्मा ने 609 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 550, रनित ने 607 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 292 प्राप्त किए हैं।

### यूनियन का 34 वर्षों का संघर्ष लाया अधूरा रंग : नागर

**सोनीपत।** हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि चीफ एडमिनिस्ट्रेटर एचएसवीपी पंचकूला ने अपने पत्र द्वारा एचएसवीपी के सभी प्रशासक, सभी अधीक्षक अभियंता, सभी कार्यकारी अभियंता, सभी संपदा अधिकारी और चीफ इंजीनियर को हरियाणा सरकार के गजट नोटिफिकेशन की प्रति संलग्न करते हुए बताया कि, एचएसवीपी के वर्ष 1989 के सर्विस नियमों में संशोधन करते हुए स्वीपर तथा स्वीपर कम चौकीदार की भरती करने के सेवा नियम में पढ़ना लिखना होना चाहिए। सेनेटरी सुपरवाइजर पद की प्रमोशन के लिए 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और सेनेटरी इंस्पेक्टर के पद की प्रमोशन के लिए सुपरवाइजर पद का 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। एचएसवीपी में राज्य भर के लिए केवल 73 पद स्वीकृत किए गए हैं। जो कि राज्य भर के लिए बहुत कम है। इसी प्रकार राज्य मैं केवल दो सेनेटरी सुपरवाइजर के पद स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार राज्य भर में केवल एक सेनेटरी इंस्पेक्टर का पद स्वीकृत किया गया हैजोकि स्लीपरों के लिए एक मजाक बनकर रह जाएगा। इस संशोधन में स्वीपर पद को और स्वीपर-कम-चौकीदार पद को सफाई कर्मचारी पद के नाम से बदला गया है।



आरके नागर।

- रेगुलर स्वीपर एवं स्वीपर कम चौकीदार के सेवा नियम की नोटिफिकेशन और लेटर हुआ जारी

## खिलाड़ी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर अनेक युवाओं का जीवन होता है रोशन : पवांर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत




सोनीपत। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि खिलाड़ी का जीवन स्वयं के लिए अनमोल होने के साथ-साथ समाज के लिए भी प्रेरणादायक होता है। एक खिलाड़ी के संघर्ष रूपी प्रेरणादायक सफर से समाज में अनेकों युवाओं का जीवन रोशन होता है। इसलिए खिलाड़ी को हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहना चाहिए। दृढ संकल्प वाला खिलाड़ी जीवन की हर ऊंचाईयों को छू लेता है। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार हरियाणा राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए सुअवसर मिला है। यह चैम्पियनशिप खिलाड़ियों के जीवन को नई दिशा में ले जाने का काम करेगी। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने चैम्यिनशिप में विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। खेल में हार-जीत होती रहती है, कभी भी खिलाड़ी को निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर मेहनत करने वाला खिलाड़ी हमेशा सफलता को प्राप्त करता है। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान एमपी सिंह, विकास सैनी, वीरेंद्र राणा, नलिन सोमानी, गणेश आहूजा, पवन, शंकर बत्रा, सुलेख गर्ग, प्रवीन, राजेश उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस नेता प्रिंस का स्वागत करते हुए।

### बालाजी मंदिर के भंडारे में लिया हिस्सा

**सोनीपत।** युवा कांग्रेस, सोनीपत के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजीव सरोहा ने रविवार को सिद्धार्थ कॉलोनी में स्थित श्री बालाजी मंदिर में आयोजित भव्य भंडारे में शिरकत की। श्री नीम करौली सेवा समिति सोनीपत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरोहा ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्तों के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रिंस राजीव सरोहा ने समस्त शहरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

### पूर्व सरपंच सहित अन्य पर मारपीट का आरोप

**गन्नौर।** गन्नौर जीटी रोड स्थित कनक ढाबे के पास पेट्रोल पंप पर एक ट्रक चालक व उसके साथी के साथ लड़सौली के पूर्व सरपंच, उसके भाई व अन्य ने मारपीट कर दी। आरोपित जाते हुए चालक के पैसे भी चोरी कर ले गए। थाने में दी शिकायत में गांव झुंडपुर, सोनीपत निवासी भोपाल ने बताया कि वह 14 जून को अपने साथी पवन के साथ गांव झुंडपुर से 1 लाख 84 हजार रुपये लेकर यमुनानगर जाने लगे। जब वह भिगान टोल पर पहुंचे तो वहां एक कैंटर चालक प्रवीण के साथ उनकी कहासुनी हो गई।

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री और विधायक ने किया प्रतिमा का अनावरण

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें युवा : केंद्रीय मंत्री


### महान योद्धा राणा सांगा के नाम पर प्रवेश द्वार का भी उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रविवार को टांडा, झुण्डपुर गांव विधायक कृष्णा गहलावत के सहयोग से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण, और महान योद्धा राणा सांगा के नाम पर प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, गजेन्द्र सिंह शेखावत व विधायक का गांव में पहुंचने पर गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। मंत्री, गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रवेश द्वार से होकर जब भी कोई टांडा, झुण्डपुर गांव में प्रवेश करेगा, तो उसे बलिदान, साहस और आत्मगौरव की भावना का अनुभव होगा। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य प्रतिमा हमारे स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की वीरता की अनमोल धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। आगामी पीढ़ी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के संघर्षरत जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में देश के लिए कुछ करने का संदेश भी दिया। आज के युग में जब समाज तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में अपने इतिहास, संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहना हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। यह प्रवेश द्वार और यह प्रतिमा हमें इतिहास से जोड़ती है, वर्तमान को जागरूक बनाती है और भविष्य के लिए दिशा देती है। हम अपने वीरों की गाथा को न भूलें, अपने गांवों को सशक्त बनाएं, और हरियाणा को सांस्कृतिक व आर्थिक रूप से समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाएं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि महाराणा प्रताप वह नाम है जो न्याय, स्वाधीनता, संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि अपना सम्मान और अपने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अगर कोई संघर्ष आवश्यक हो, तो उसे डटकर स्वीकार करना चाहिए। कृष्णा गहलावत ने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध भले ही निर्णायक न रहा हो, लेकिन मनोबल और आत्मबल की दृष्टि से वह भारत के इतिहास की सबसे प्रेरणादायक लड़ाइयों में से एक थी। प्रतिमा हमारी आने वाली पीढ़ियों को याद दिलाती रहेगी कि धन नहीं, पद नहीं - चरित्र और राष्ट्रभक्ति ही सबसे बड़ा गौरव है। राणा सांगा जैसे महान योद्धा की वीरगाथा भारतीय इतिहास का अमिट अध्याय है। उनके शरीर पर असंख्य घाव थे, एक आंख नहीं थी, हाथ कटा हुआ था, फिर भी वो युद्ध के मैदान में लड़े और विजयी हुए।




राई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व विधायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए ।



राई । केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व विधायक कृष्णा गहलावत पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते साथ में मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल व आयोजक ।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर योगेन्द्र सिंह राणा विधायक असंद, रविन्द्र नेगी विधायक दिल्ली, विरेन्द्र चौहान अध्यक्ष राजपूत सभा दलीप सिंह राणा द ग्रेट खली अजय राणा, अध्यक्ष, बीर सिंह प्रदीप राणा, सुधीर राणा करनाल डा० गुलशन चौहान, प्रधान राजपूत सभा मनोहर,जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, दीपक भटठी , विक्रमसिंह, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिसोदिया अध्यक्ष करनी सेना अशोक भारद्वाज जिला अध्यक्ष, निशात , पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, मास्टर सत्यनारायण आंतिल, अनिल अतिलु, संजय आदि मौजूद थे ।*

## संत कबीर भवन में 70 लाख से बनेगा हॉल और लाइब्रेरी : जैन



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रा को सम्मानित करते मेयर साथ में अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संत कबीर की वाणी में भगवान के प्रति श्रद्धा, आपसी भाईचारे, प्यार, प्रेम का सन्देश देते हुए मानव को जीवन जीने की राह और गुरु के बिना भगवान ना मिलने का वर्णन अपने दोहों के माध्यम से किया। उक्त विचार नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बस अड्डे के निकट संत कबीर के प्रकटोत्स्व पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जनसमूह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने संत कबीर भवन में लगभग 70 लाख रूपये की लागत से पहली मंजिल पर हॉल का निर्माण एवं लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की। कार्यकर्मों में राजीव जैन का पगड़ी शॉल एवं माला से भव्य स्वागत किया गया और समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। राजीव जैन ने कबीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में भी पहुंचकर कहा कि संत कबीर के दोहे आज के युग में भी प्रासंगिक है और पूरी दुनिया उनके संदेशों को आत्मसात करके अमल कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने संत कबीर समेत सभी महापुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर मनाकर नई सामाजिक पहल की है।

**ये रहे मौजूद**

*कार्यकर्मों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र दिलावर, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पवन सोलंकी, नकिन मेहरा, रमेश रंगीला, नवाब सिंह, अशोक बागड़ी, चांदनी, बलराज बामनिया, मुकेश बामनिया, पवन बागड़ी, कृष्ण प्रधान, सत्यवान मेहरा, सतबीर निर्माण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।*

### 56 विधवाओं को दी पेंशन व रसोई सामग्री

**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन जिला सोनीपत इकाई द्वारा 14वां पेंशन वितरण समारोह अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत में आयोजित किया गया। सम्मलेन के चेयरमैन संजय सिंगला, प्रधान अनिल गुप्ता, महामंत्री एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सम्मलेन महाराजा अग्रसेन की समाजवाद की नीति एक रुपया एक ईंट की नीति के तहत समाज की जरूरतमंद व विधवा महिलाओ को लगातार 14 वर्षो से पेंशन व रसोई की सामग्री उपलब्ध करवा रहा है। इस वर्ष 56 महिलाओ को यह सहायता उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल कुरुक्षेत्र द्वारा भजन गायन किया गया।

## पीएम के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा : बडौली

### गांव कामी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बडौली ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रविवार को गांव कामी में संकल्प से सिद्धि की और कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली मुख्यातिथि शिरकत की ,जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए अपने 11 साल के कार्यकाल में अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया, जिनका देश की जनता को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास का सपना साकार हो रहा है। बडौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब परिवारों को अन्न कल्याण योजना में 81 करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ से अधिक मकान बनाए गए।



गन्नौर। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा दीप प्रज्वलित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राजपुर मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, जिला प्रभारी सतीश नांदल ,ललित बत्रा ,जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज , महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनिया मोर , पुरखास मण्डल अध्यक्ष संजय गोतम ,गन्नौर मण्डल अध्यक्ष अजय , दातौली मण्डल अध्यक्ष गोरव कामरा ,महामंत्री दीपक नैन, राजेन्द्र सिसवाल मण्डल प्रभारी चरण सिंह जोगी ,दिनेश स्वामी सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।



गोहाना। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### नायब सरकार ने 28 संकल्प पूरे किए : डॉ. अरविंद

**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प से सिद्धि अभियान के माध्यम से देश की तस्वीर बदल दी। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय भाव व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत व राष्ट्र एकजुटता की भावना पर ऐतिहासिक निर्णय लिए। जिसकी बदौलत आज देश और प्रदेश में निरन्तर तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। यह कार्यक्रम के समता चौक स्थित एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल में गरीबों की सेवा और वंचितों के सम्मान के विचार को आगे बढाते हुए अंत्योदय भावना के तहत समाज के अंतिम छोर पर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए हर वर्ग, हर समुदाय में जन-जन उत्थान को सुनिश्चित किया है। वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी तीसरी सरकार ने 217 संकल्प जनता के लिए किए थे। वर्तमान में इनमें से 28 संकल्प पूरे कर लिए गए हैं।इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, प्रोफेशनल मीट प्रदेश सह संयोजक जसबीर दोदवा, जिला संयोजक डॉ. धर्मबीर नांदल, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, डॉ. रीटा शर्मा, बलराम कौशिक, डॉ. गजराज कौशिक, नरेंद्र गहलावत, डॉ. राममेहर राठी व महेंद्र चिड़ाना सहित अन्य पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकसित भारत 2047 का दिलाया संकल्प

### सेरसा गांव में 'संकल्प से सिद्धी की ओर' कार्यक्रम का आयोजन

- प्रदेश अध्यक्ष व विधायक कृष्णा ने केंद्र सरकार के 11 साल की नीतियों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्व होने पर आयोजित संकल्प से सिद्धी की और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए अपने 11 साल के कार्यकाल में अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास का सपना साकार हो रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब परिवारों को अन्न कल्याण योजना में 81 करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है।



राई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व विधायक कृष्णा गहलावत विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, युवा नेता पुनीत राई, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, अनिल आंतिल, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, श्री भगवान जोगी नांगल खुर्द, भैरा बांकीपुर सरपंच जयराम शर्मा , नंदकिशोर चौहान सभी मंडल अध्यक्ष व अन्य कार्यकता मौजूद रहे।

### पंछियों के लिए की दाना-पानी की व्यवस्था

**गोहाना।** युवा शक्ति संगठन ने रविवार को सदर थाना परिसर में पंछियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था की। संगठन द्वारा इस सेवा की व्यवस्था एसीपी ऋषिकांत के हाथों से करवाई गई। संगठन द्वारा हर वर्ष गर्मी के दिनों में सार्वजनिक स्थलों पर पंछियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था की जाती है। इस सेवा में संगठन द्वारा पेड़ों पर मिट्टी के कसोरों में पंछियों के लिए दाना और पानी रखा जाता है ताकि उनको पानी और भोजन की तलाश में इधर-उधर न भटकना पड़े। इस पुनीत सेवा के लिए सानिध्य संगठन के अध्यक्ष प्रमोद भारती का रहा। इस अवसर पर थाना के एसएचओ मोहनलाल, एसएचओ लालसिंह गोहाना सिटी, एएसआई सुनील, दीपक आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के संकल्प से सिद्ध के तहत जाखोली मंडल में कार्यक्रम का आयोजन

**राई ।** भारतीय जनता पार्टी के ₹संकल्प से सिद्ध तक₹ अभियान में जाखौली गांव में जाखौली मंडल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की ।जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करे।यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से आयोजित होने वाले संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम आयोजित हुआ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियो को जनता तक पहुचाने के लिए 21 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई , पूर्व जिला पार्षद नंदकिशोर चौहान, युवा नेता अनिल आंतिल, जय राम शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने 11 साल के कार्यक्रम में जनहित में बनाई गई नीतियों से अवगत करवाया ।इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।



## भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ शुरू

- शुभारंभ पर विशाल कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

श्याम सनातन ट्रस्ट आहुलाना द्वारा 15 जून से 23 जून तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ की शुरुआत में रविवार को गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव में श्याम मंदिर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों से होते हुए वापस श्याम मंदिर में जाकर समाप्त हुई । कलश यात्रा के दौरान महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था । भागवत कथा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। जिसमें कथा वाचक देवी राधे प्रिया श्रीधाम वृंदावन करेगी। कथा के समापन पर 23 जून को पूर्ण आहूति व भण्डारा समस्त ग्रामवासी व आहुलाना धाम के सहयोग से किया जाएगा । भागवत कथा में श्री मोनी जी महाराज, अरविंद गिरि जी महाराज, संत गोपाल दास जुण्डला वाले भी अपना आशीर्वाद देंगे । कथा वाचक देवी राधे प्रिया श्रीधाम वृंदावन वन्य कलश यात्रा में आई महिलाओं को आशीर्वाद दिया। कलश यात्रा की व्यवस्था में ग्रामीणों में सहयोग किया और ग्रामीण राजकुमार पहल, विजेंद्र पहल आदि ने जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया।



गन्नौर। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ की शुरुआत में कलश यात्रा निकालते हुए ।



गोहाना। चौक के लोकार्पण समारोह में अतिथियों के साथ कैमिस्ट।

### गोहाना में केमिस्ट चौक का लोकार्पण

**गोहाना।** गोहाना में रविवार को पुराने बस अड्डे पर केमिस्ट चौक का लोकापर्ण किया गया। चौक का लोकापर्ण नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी और उप चेयरपर्सन राजबाला मलिक ने किया। हरियाणा केमिस्ट एसोसिएशन का दावा है कि गोहाना में भारतवर्ष का यह पहला केमिस्ट चौक है। चौक के लोकार्पण की अध्यक्षता हरियाणा स्टेट कैमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव व नॉर्थ जोन ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक सिंगला और गोहाना केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष, हरियाणा केमिस्ट एसोसिएशन के संगठन सचिव व ईसी सदस्य एआईओसीडी प्रदीप चहल ने की। समारोह में हरियाणा स्टेट कैमिस्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रमेश खुराना, समाजसेवी इंद्रजीत उर्फ राजू विरमानी, हिसार कैमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव दीपक, जिला सोनीपत केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सिंह, खरखौदा से प्रदीप मलिक, एसोसिएशन की गोहाना इकाई से सुरेश बजाज, हरि प्रकाश गुप्ता, पुरूषोतम गोयल, सुभाष मलिक, सुरेश परुथी, देवेंद्र मक्कड़, गुलशन बजाज, दीपक अरोड़ा, अमित सैनी, रवींद्र आहूजा आदि मौजूद रहे।



गोहाना। समारोह में उपस्थित संगठन के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### फाउंडेशन ने अपने पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**गोहाना।** रविवार को हर घर तिरंगा फाउंडेशन द्वारा गोहाना में कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में फाउंडेशन के पदाधिकारियों को पहचान पत्र दिए गए और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता हर घर तिरंगा फाउंडेशन टीम के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष दीपक कश्यप और राष्ट्रीय सचिव सुल्तान सिंह ने की। मंच संचालन मास्टर दलबीर सिंह खुंडिया ने किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य मास्टर सोहन सिंह, मास्टर रमेश मेहता, रिंकू शर्मा, बलविंदर मोर, साईं लाडवा, बंटी सिरसवाल, मोनू बिंधल, डॉ. जयप्रकाश कश्यप, सुरेंद्र यादव, हिमांशु पंवार, प्रिंस कश्यप, अतुल कश्यप, पुनीत सैनी, अरुण नूनवाल, सतीश कुमार, अरनव बाबा, सरपंच विनोद कश्यप, तरुण, आकाश, आशीष, विनय, सुनील, नितिन, अनुराग और प्रिंस उपस्थित रहे।

**निर्माध** विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने शहरवासियों को दिया तोहफा

# वार्ड नं. 10 में 71 लाख रुपये की लागत से होंगे विकास कार्य, नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

### दो सप्ताह में निर्माण कार्य होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन रविवार को वार्ड नं 10 में पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने लगभग 71 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि महेश लूथरा और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया और उनके वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि विकास कार्यों को गति देते हुए आज 71 लाख रुपये की लागत से सेक्टर 12 पार्ट 3 की ग्रीन बेल्ट के साथ की चारदीवारी, बाउंड्री वॉल (महाराणा प्रताप चौक से ट्रक यूनियन तक) बनाने के कार्य का शुभारंभ किया है। इस कार्य को आगामी दो सप्ताह में पूरा किया जाएगा। इस कार्य में लगभग 3 फुट ऊंची दीवार बनाकर उसके ऊपर लोहे की ग्रिल लगाई जाएगी। इसके साथ ही विधायक निधि कोष से भी विभिन्न विकास कार्यों को शुरू करवाया जाएगा, जिसमें शहर के सभी मुख्य मार्गों का सौंदर्यीकरण और गलियों का निर्माण करवाया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि नगर निगम चुनावों के पश्चात सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। उनका यही प्रयास है कि सोनीपत के हर गली मोहल्ले में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर किया जाए। हर रोज करोड़ों रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर निगम पार्षद प्रतिनिधि महेश लूथरा, बिजेंद्र दहिया, ललित, जोगिंद्र, बिजेंद्र, राजू, अशोक अरोड़ा, विनोद मेहता, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर एवं अन्य।